स्कॉर्पियो से 55 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

कटकुईयां में चालक वाहन छोड़कर फरार, महुआवा में डिक्की से मिली 21 बोतलें

चिरैया (आससे)। चिरैया थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब के खिलाफ दो अलग-अलग कार्रवाइयों में 58.78 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। कटकुईयां गांव में स्कॉर्पियो से 55 लीटर शराब मिली, जबकि महुआवा गांव में बाइक की डिक्की से 3.78 लीटर शराब बरामद हुई। इस दौरान बाइक सवार युवक को गिरफ्तार किया गया, जबकि स्कॉर्पियो चालक फरार हो गया।थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कटकुईयां गांव स्थित पंचायत भवन के समीप स्कॉर्पियो की तलाशी ली। इस दौरान रॉयल स्टैग ब्रांड की 55 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस को देखते ही चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने स्कॉर्पियो जब्त कर ली है और फरार चालक की पहचान में जुटी है। वहीं, महुआवा गांव में छापेमारी के दौरान हीरो स्प्लेंडर बाइक की डिक्की से 180 एमएल की 21 बोतलें अंग्रेजी शराब बरामद की गईं।



पुलिस ने बाइक सवार राणा कुमार (27) को गिरफ्तार कर लिया। वह महुआवा गांव निवासी नरेश राउत का पुत्र है। पुलिस के अनुसार, आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। छापेमारी दल में अपर थानाध्यक्ष मधुकर कुमार, सब इंस्पेक्टर मो. हारून खान, गौतम कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

वन विभाग की बड़ी कारर्रवाई

सात अवैध आरा मील सीज संचालकों पर प्राथमिकी

चकिया (पूर्वी चम्पारण) (आससे)। वन विभाग ने अवैध रूप से चल रहे आरा मिलों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। वनों के क्षेत्र पदाधिकारी रुचि कुमारी के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के अंतर्गत अलग-अलग जगहों पर चल रहे।

अवैध लकड़ी चिरान मिलों पर छापेमारी कर उसे सीज कर दिया गया तथा लकडी बोटा समेत आवश्यक मशीने व पार्ट जब्त कर पिपरा कोठी वनागार मे जमा करा दिया गया।साथ ही सभी मिल संचालकों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वन विभाग की टीम ने सबसे पहले भुवन छपरा में ओमप्रकाश ठाकुर, लक्ष्मण ठाकुर और पिंकू शर्मा के आरा मिल पर छापेमारी की। इसके बाद पूरण छपरा, पटखौलिया में दीपा साह, रामपुर में हीरालाल साह तथा कोयला बेलवा में रामकिशोर महतो के चिरान मिल पर पहुंचकर अवैध रूप से संचालित मिलों को सीज किया।इस संबंध में कल्याणपुर वनरक्षी धनंजय कुमार ने बताया कि अवैध रूप से संचालित हो रहे आरा मिलों पर विभाग द्वारा छापेमारी कर सील किया गया है और सभी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। वन विभाग की इस कार्रवाई से अवैध लकड़ी चिरान मिल मालिकों में हड़कंप मच गया है। इलाके में चर्चाओं का बाजार गर्म है।छापेमारी दल में रेंज अधिकारी अरेराज रंजेश कुमार, बनरक्षी लव कुमार, शशि कुमार, नूतन भारती, अरेराज की प्रीति कुमारी, प्रशांत कुमार बनरक्षी मोतिहारी, कल्याणपुर बनरक्षी धनंजय कुमार सहित चकिया के बनरक्षी शामिल थे।

शस्त्र पूजनोत्सव के बाद पथ संचालन का आयोजन

आदापुर (पूर्वी चम्पारण)। विजयादशमी के अवसर पर शस्त्र पूजन समारोह का आयोजन रविवार के दिन राम-जानकी मंदिर श्यामपुर बाजार के प्रांगण में विधिवत रूप से मनायी गई, शस्त्र पूजन में प्रखंड क्षेत्र से पहुंचे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सैकड़ों की संख्या में पहुंचे थे जिन्होंने शस्त्र पूजन करने के उपरांत पुरे बाजार क्षेत्र में परिभ्रमण किया, पथ संचलन मंदिर प्रांगण से होते हुए पुराने सेन्ट्रल बैंक,चिकपटी रोड़, सहित सभी चौक चौराहे होते हुए अस्पताल मार्ग से अपने स्थान पर पहुंच कर समापन किया, कार्यक्रम शुरू करने से पहले संघ गीत हुई, तत्पश्चात् नमस्ते सदा वत्सले,,, प्रार्थना कर पथ संचलन किया गया,इस अवसर पर रक्सौल के विकास कुमार,सुमन गिरी, रामनरेश पाण्डेय, मुन्ना कुमार, अनिल कुमार प्रसाद, नवल-किशोर प्रसाद,सेवा प्रमुख नारायण अग्रवाल,जितु वर्णवाल सहित दर्जनों प्रबुद्ध स्वयं सेवक मौजूद थे।

रक्सौल रेलवे ओवरब्रिज का नक्शा जारी

थाना से कस्टम कार्यालय तक बनेगा पुल

रेलवे फाटक संख्या 34 पर जाम से मिलेगी राहत

रक्सौल(पूर्वी चंपारण)। शहर में रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण अपडेट सामने आया है। बहुप्रतीक्षित रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के प्रस्तावित नक्शे के जारी होने से निर्माण परियोजना की रूपरेखा स्पष्ट हो गई है। रेलवे फाटक संख्या 34 पर प्रस्तावित इस ओवरब्रिज के निर्माण से शहर के व्यस्त मार्गों पर यातायात व्यवस्था बेहतर होने और लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। जारी नक्शे के अनुसार, प्रस्तावित ओवरब्रिज का विस्तार रक्सौल थाना क्षेत्र से कस्टम कार्यालय तक होगा। इस मार्ग पर वाहनों का लगातार दबाव रहने के कारण अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। ओवरब्रिज बनने से इस मार्ग पर आवागमन सुगम होने के साथ ही स्थानीय लोगों और दूसरे शहरों से आने-जाने वाले यात्रियों को भी राहत मिलने की संभावना है।

प्रस्तावित डिजाइन के मुताबिक, ओवरब्रिज के निर्माण में तकनीकी मानकों और संरचनात्मक मजबूती का ध्यान रखा जाएगा। इसके मुख्य हिस्से में प्रत्येक 20 मीटर की दूरी पर पिलर बनाए जाने की योजना है। वहीं, निर्माण के शुरुआती 80 मीटर हिस्से में रिटेनिंग वॉल के साथ एप्रोच रोड तैयार किया जाएगा। योजना के अनुसार, एप्रोच रोड के बाद ओवरब्रिज का पिलर वाला मुख्य हिस्सा खुला रहेगा। इससे पुल के नीचे स्थानीय वाहनों और लोगों की आवाजाही के लिए जगह उपलब्ध रहेगी। यह व्यवस्था शहर की मौजूदा यातायात जरूरतों को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

जमीन सर्वे का काम तेज, 21 मौजों में चल रही प्रक्रिया

पकड़ीदयाल। प्रखंड क्षेत्र में विशेष भूमि सर्वेक्षण का कार्य शुरू हो गया है। सर्वे टीम के सदस्य संबंधित मौजों में पहुंचकर प्लॉट का सत्यापन कर रहे हैं। इस दौरान जमीन के खाता, खेसरा और रकबा से संबंधित विवरण दर्ज किए जा रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र में कुल 21 मौजों में विशेष भूमि सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है। विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी-सह-शिविर प्रभारी विकास कुमार सिंह ने बताया कि मठिया (थाना नंबर 139), बनरझूला (थाना नंबर 152), चकनाह (थाना नंबर 144) और बभनटोली (थाना नंबर 210) में किस्तवार के तहत प्लॉट सत्यापन का कार्य पूरा कर लिया गया है। इन मौजों में सर्वेक्षण की अगली प्रक्रिया के संबंध में आगे सूचना दी जाएगी। उन्होंने बताया कि चकनाह मौजा में खानापुरी का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। वहीं, अजगरी मौजा (थाना नंबर 154) में किस्तवार का कार्य जारी है। इसके अलावा बभनटोली मौजा में खानापुरी का कार्य किया जा रहा है। विशेष भूमि सर्वेक्षण के तहत राजस्व अभिलेखों और जमीन से संबंधित विवरणों का मिलान करते हुए विभिन्न चरणों में काम किया जा रहा है। सर्वे टीम प्लॉट पर पहुंचकर उपलब्ध जानकारी का सत्यापन कर रही है, ताकि जमीन से जुड़े विवरणों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दर्ज किया जा सके। सर्वेक्षण कार्य में विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी-सह-शिविर प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कानूनगो और विशेष सर्वेक्षण अमीन की टीम जुटी हुई है। विशेष भूमि सर्वेक्षण के तहत जमीन के दस्तावेजों और प्लॉट के विवरणों का सत्यापन महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। संबंधित मौजों में कार्य पूरा होने के बाद आगे की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

सफाईकर्मियों से हड़ताल वापस लेने की अपील

रक्सौल (पूर्वी चंपारण)। त्योहारों के मद्देनजर शहर में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने और आम लोगों को किसी तरह की परेशानी से बचाने के उद्देश्य से रक्सौल के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) नागमणि कुमार वर्मा ने नगर परिषद के एनजीओ के तहत कार्यरत सफाई कर्मियों से हड़ताल वापस लेने की अपील की है। उन्होंने सफाई कर्मियों से जनहित को प्राथमिकता देते हुए शहर की स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया। इस दौरान रक्सौल के डीएसपी मनीष आनंद और नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. मनीष कुमार भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सफाई कर्मियों से त्योहारों के दौरान शहर की सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए काम पर लौटने की अपील की।

शराब बरामदगी मामले में दो गिरफ्तार, एक की तलाश जारी

मिश्रग्राम में 5.4 लीटर और ठाकुर टोला में 165.840 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

संग्रामपुर(आससे)। संग्रामपुर थाना क्षेत्र में शराबबंदी कानून के तहत पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर कुल 171.240 लीटर शराब बरामद की है। पुलिस की ओर से की गई इन कार्रवाइयों में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक अन्य व्यक्ति के फरार होने की जानकारी दी गई है। दोनों मामलों में पुलिस की ओर से आगे की कानूनी प्रक्रिया की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पहली कार्रवाई दक्षिणी बरियरिया पंचायत के मिश्रग्राम में गुप्त सूचना के आधार पर की गई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पंकज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने भीम यादव, पिता गणेश यादव, के घर पर छापेमारी की। टीम में संग्रामपुर थानाध्यक्ष नितेश कुमार, अपर थानाध्यक्ष विकास आनंद,



पुलिस अवर निरीक्षक अजित कुमार पंडित सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।छापेमारी के दौरान घर से 8 पीएम ब्रांड की 30 टेट्रा पैक विदेशी शराब बरामद की गई। बरामद शराब की कुल मात्रा 5.4 लीटर बताई गई है। पुलिस ने इस मामले में भीम यादव को गिरफ्तार किया है। मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। ठदूसरी कार्रवाई पूर्वी मधुबनी पंचायत के ठाकुर टोला में की गई।

पुलिस के अनुसार, विजय साह, पिता प्रह्लाद साह, के दरवाजे पर खड़ी स्विफ्ट कार और एक मोटरसाइकिल से कुल 165.840 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। इस मामले में आनंद ठाकुर, पिता भिखारी ठाकुर, विजय साह पिता पहलाद साह को गिरफ्तार किया गया है।

वहीं, मोहित कुमार उर्फ जलु, पिता शत्रुघ्न ठाकुर, के मौके से फरार होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।दोनों मामलों में शराब की बरामदगी और गिरफ्तारी के संबंध में पुलिस की ओर से कार्रवाई की जा रही है।

छत से गिरकर युवक घायल

चिरैया (आससे)। थाना क्षेत्र के बरैठा मठ गांव में रविवार की सुबह छत से गिरकर 30 वर्षीय युवक संतोष कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर में गहरी चोट लगी है। जिसे मोतिहारी के एक निजी नर्सिंग होम में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, संतोष अपने घर की छत पर लगे नल से सड़क पर पानी डाल रहा था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह नीचे पीसीसी सड़क पर गिर पड़ा। सिर में गंभीर चोट लगने से वह घायल हो गया। परिजनों और स्थानीय लोगों ने उसे तत्काल मोतिहारी के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने उसे पटना रेफर कर दिया। संतोष बरैठा मठ गांव निवासी नारद सिंह का पुत्र है।

ईश्वर हम सभी जीवों से एवं खासकर बच्चों से प्यार करते है : फादर जेम्स

मोतिहारी(पूर्वी चम्पारण)। परम प्रसाद का वितरण छोटा बरियारपुर स्थित चर्च में रविवार को किया गया। कार्यक्रम में साइन बच्चे धारण किए गए थे बच्चों ने पहली बार ईश्वर को हृदय से लगाकर अपने जीवन में ग्रहण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चर्च के पल्ली पुरोहित फादर जेम्स ने कहा कि ईश्वर हम सभी जीवो एवं खास कर बच्चों से बेहद प्यार करते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे ईश्वर के शरीर होते हैं। मौके पर अन्य फादर एवम कई सिस्टर मौजूद थे।

शराबबंदी कानून का पालन कराना प्राथमिकता : थानाध्यक्ष

संग्रामपुर। थानाध्यक्ष नितेश कुमार ने बताया कि शराबबंदी कानून का पालन सुनिश्चित कराना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की जा रही है और अवैध शराब से जुड़े मामलों में कानून के प्रावधानों के अनुसार कदम उठाए जा रहे हैं।पुलिस की इन कार्रवाइयों के बाद थाना क्षेत्र में शराब बरामदगी के दोनों मामलों को लेकर चर्चा है। अब संबंधित मामलों में पुलिस की आगे की जांच और कानूनी प्रक्रिया पर नजर रहेगी।

कोटवा थाना परिसर में चला सफाई अभियान

कोटवा(आससे)। थाना परिसर में रविवार को विशेष सफाई अभियान चलाया गया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस कर्मी द्वारा श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया गया। थाना के पुराने भवन और उसके आसपास के परिसर की साफ-सफाई की गई। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि थाना का पुराना भवन परिसर लंबे समय से साफ-सफाई नहीं होने के कारण जंगल में तब्दील हो गया था।

कौड़ीहार चौक छठ घाट निर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ

रक्सौल (संसू)। शहर के कौड़ीहार चौक स्थित दक्षिणी भाग नहर करनाल पथ पर छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रक्सौल के कौड़ीहार चौक स्थित नहर किनारे छठ घाट के निर्माण कार्य की शुरुआत की गई है। नगर पार्षद सोनू गुप्ता के प्रयास से शुरू हुए इस निर्माण कार्य से छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद है।कौड़ीहार चौक स्थित नहर किनारे प्रत्येक वर्ष छठ महापर्व के अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने पहुंचते हैं। इसके साथ ही पूरे कार्तिक मास में श्रद्धालुओं द्वारा घाट पर दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना की जाती है। ऐसे में घाट के निर्माण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी।छठ घाट का निर्माण पूरा होने के बाद छठ व्रतियों को पूजा-अर्चना और अर्घ्य देने में



सहूलियत होगी। वहीं, श्रद्धालुओं को भी घाट पर बेहतर व्यवस्था मिलने की उम्मीद है। इस निर्माण कार्य से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। छठ महापर्व बिहार की आस्था, परंपरा और लोक संस्कृति का प्रमुख प्रतीक है। ऐसे में कौड़ीहार चौक स्थित छठ घाट का निर्माण धार्मिक आस्था के साथ-साथ स्थानीय श्रद्धालुओं की सुविधा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

बूढ़ी गंडक मे डुबने से किशोर की मौत

चकिया(आससे)। बुढ़ी गंडक नदी मे डुबने से एक किशोर की मौत हो गई। घटना रविवार के दो पहर की घटित बताई गई है। मृत किशोर की पहचान गडहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव माडीपुर माल टोला झगरूआ निवासी दिलीप राम का पांच वर्षिय पुत्र आशिक कुमार के रूप मे हुई है। हुआ यूँ कि किशोर गांव के सामने अन्य बच्चों के साथ नहाने के लिए नदी मे गया था नहाने के क्रम मे वह अचानक गहरे पानी मे चला गया किशोर को डुबता देख अन्य साथी घर जा घटना की जनकारी दी परिजन समेत ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे तथा किशोर की छानबीन कर ही रहे थे तभी किसी ने घटना स्थल के कुछ दुरी पर नदी के किनारे शव को उपलाता देखा तथा तत्क्षण जानकारी परिजन को दी लोग भागे दौडे वहा पहुंच पानी से किशोर को निकाल कर आनन फानन मे अनुमंडलीय अस्पताल लाया जहाँ पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

चोरी की बाइक और 80 लीटर देसी शराब के साथ चार गिरफ्तार

केसरिया। बीजधरी थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया। पहली कार्रवाई वाहन जांच के दौरान लाला छपरा चौक पर की गई। यहां पुलिस ने चोरी की यामाहा बाइक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवकों की पहचान बैरिया निवासी चंदन कुमार और गोंछी निवासी आदित्य कुमार शर्मा के रूप में हुई है। वहीं, दूसरी कार्रवाई सत्तरघाट पुल के पास की गई। इस दौरान पुलिस ने 80 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान कढ़ान निवासी प्रियांशु कुमार और रोहित कुमार के रूप में हुई है इस संबंध में बीजधरी थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने बताया कि दोनों मामलों में संबंधित आरोपितों के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया है। आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद चारों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप मचा हुआ है

GOVT. OF BIHAR

BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD

I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (Ayush) [UGMAC(Ayush)]-2026
***for* BAMS / BHMS / BUMS in Govt / Pvt. Ayush Colleges of Bihar**

Adv. No.- BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2026/07 Dated : 24.10.2026

NOTICE for Online Application & Choice Filling (Round-3)

Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling after Round-2 are invited from such qualified, eligible & interested NEET(UG)-2026 candidates for appearing in the Round-3 Online Counselling of Under Graduate Medical Admission Counselling [UGMAC(Ayush)]-2026, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No.-BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2026/01 & 2026/02 Dated 18.09.2026, 2026/03 Dated 26.09.2026 and 2026/04 Dated 09.10.2026 and are not admitted in any Ayush Colleges of India, for admission to the first year UG Ayush Medical Courses (BAMS / BHMS / BUMS) in Government / Private Ayush Colleges of Bihar state based on the Rank of UGMAC(Ayush)-2026 prepared on the basis of All India Rank of NEET(UG)-2026 on the vacant seats available after admission on the basis of UGMAC(Ayush)-2026 Online Round-2 Counselling held from 22.10.2026 to 23.10.2026.

Consent is also invited from eligible candidates who have already duly submitted the Online Application form earlier and fall under the condition mentioned in para-19 of the Adv.No.-BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2026/06 dated 24.10.2026 uploaded on Board's website.

2. Updated Seat Matrix of vacancies after completion of Round-2 Counselling is available on Board's website: **bceceboard.bihar.gov.in** . If any further vacancies due to resignation etc. arise, the Updated Seat Matrix will be uploaded on the Board's website. The candidate must see it before Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling / submitting their Consent / editing of choices for Online Counselling.

3. The online Registration & submission of Application Form-cum-Choice Filling/ Editing of Application form data / Editing of Choices / Consent (Round-3) will start from **28.10.2026.**

4. Eligibility criteria for counselling / admission Fee payment precedure, instructions and other details for filling up online applications form-cum-choice filling are available in the prospectus of UGMAC(Ayush)-2026 and **Advertisement No.-BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2026/06 dated 24.10.2026, which can be seen / downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.**

Controller of Examination

शिक्षिकाओं की प्रताड़ना शिकायत पर दो सप्ताह बाद भी कारर्रवाई शून्य

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय की चुप्पी पर उठे सवाल

मोतिहारी (आससे)। स्थानीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदगंज (कन्या) में पदस्थापित दो शिक्षिकाओं — भारती आनंद और शादनाम बेगम द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक के खिलाफ मानसिक प्रताड़ना, अभद्र भाषा के प्रयोग और विद्यालय में व्याप्त गंभीर अनियमितताओं को लेकर गत 10 अक्टूबर 2026 को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अरेराज को लिखित आवेदन दिया गया था। परंतु अत्यंत खेदजनक स्थिति है कि आवेदन दिए जाने के इतने दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई ठोस कारर्रवाई या निष्पक्ष जांच शुरू नहीं की गई है। मानसिक प्रताड़ना व धमकियां- शिक्षिकाओं ने आरोप लगाया था कि प्रधानाध्यापक द्वारा लगातार वेतन काटने, सर्विस बुक में प्रतिकूल प्रविष्टि (दाग) दर्ज करने और छुट्टी के आवेदनों को निरस्त करने की धमकियां दी जाती हैं। आवेदन देने पर उनके साथ अमर्यादित व अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। निजी जीवन पर अनुचित टिप्पणी- शिक्षिका भारती आनंद, जो लगभग 60-70 किमी दूर से आती हैं और जिनके दो मासूम बच्चे (3 वर्ष व 9 माह) हैं, के पति जब उन्हें विद्यालय छोड़ने एवं लाने आते हैं, तो प्रधानाध्यापक द्वारा इस पर अनुचित आपत्तियां जताई जाती हैं और अकेले आने के लिए मानसिक दबाव बनाया जाता है। स्थानीय धौंस व अधिकारियों की अवहेलना- प्रधानाध्यापक स्थानीय होने का धौंस जमाते हुए यह कहते हैं कि 'हम जो चाहेंगे वही होगा, बीआरसी में हमारी ही बात चलती है और प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को हम कुछ नहीं समझते। उपस्थिति व मध्यान्ह भोजन में गड़बड़ी- प्रधानाध्यापक स्वयं बच्चों की उपस्थिति पंजी बनाते हैं और किसी अन्य शिक्षक को छूने नहीं देते। विद्यालय में 11 अक्टूबर से मध्याह्न भोजन बंद है, जिससे बच्चे टिफिन के बाद घर चले जाते हैं, परंतु इसका दोष जबरन वर्ग शिक्षकों पर मढ़ा जाता है। पूर्व का विवादित इतिहास- शिक्षिकाओं के अनुसार उक्त प्रधानाध्यापक को पूर्व में भेलानाड़ी स्कूल से भी ग्रामीणों द्वारा उनके विवादित आचरण के कारण खदेड़ा अथवा भगाया जा चुका है। शिक्षिकाओं ने स्पष्ट किया है कि प्रधानाध्यापक का यह कृत्य और व्यवहार पूरी तरह से शिक्षक आचरण नियमावली के प्रतिकूल है। 10 अक्टूबर को आधिकारिक रूप से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अरेराज को शिकायत सौंपे जाने के बावजूद आज तक कोई जांच टीम न गठित होना और न ही कोई सुधारात्मक कदम उठाया जाना, शिक्षा विभाग की कार्यशैली और मंशा पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

लायंस क्लब ऑफ ईस्ट चंपारण ने हंगर प्रोजेक्ट के तहत सैकड़ों जरूरतमंदों को कराया भोजन

मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)। लायंस क्लब ऑफ ईस्ट चंपारण की ओर से शनिवार की संध्या सात बजे सदर अस्पताल परिसर में इंटरनेशनल लायंस क्लब के हंगर प्रोजेक्ट के तहत नि:शुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन लायन संजय कुमार की माता जी की पुण्यतिथि के अवसर पर हुआ। इसमें 1044 की संख्या में जरूरतमंद लोगों ने कतारबद्ध होकर भरपेट भोजन किया। कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब के सदस्यों ने स्वयं खड़े होकर लोगों की थाली में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन परोसे। भोजन ग्रहण करने के बाद लोगों के चेहरे पर संतुष्टि और प्रसन्नता की मुस्कान दिखाई दी। जरूरतमंदों को सम्मानपूर्वक भोजन कराना क्लब के सदस्यों के लिए सुखद अनुभूति का विषय रहा। क्लब अध्यक्ष लायन सुधांशु सिन्हा ने कहा कि इंटरनेशनल लायंस क्लब का हंगर प्रोजेक्ट भूखे लोगों को भोजन उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण पहल है। इस सत्र में भी ऐसे सेवा कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को भोजन कराना मानवता की सेवा है। पूर्वी चंपारण लायंस क्लब की ओर से सदस्यों के जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ और परिवार के सदस्यों की पुण्यतिथि पर भी इस तरह के आयोजन किए जाते हैं। बापूधाम रेलवे स्टेशन, विभिन्न चौक-चौराहों और सदर अस्पताल परिसर में जरूरतमंदों को नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाता है। कार्यक्रम में लायंस क्लब के पदाधिकारियों, सदस्यों तथा लियो सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भोजन वितरण में सहयोग किया। क्लब ने भविष्य में भी सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया। इस सेवा कार्य में क्लब अध्यक्ष लायन सुधांशु सिन्हा, कोषाध्यक्ष लायन राम प्रकाश सिन्हा पूर्व अध्यक्ष अशोक जायसवाल, डॉ. परवेज अजीज लायन संजय कुमार, सुधीर गुप्ता,शुभम कुमार,मनीष कुमार आदित्य कुमार सिंह, संजीव कुमार,लियो क्लब सचिव अर्जुन सरदार उपाध्यक्ष रोहन श्रीवास्तव पुष्पम सिंह कोषाध्यक्ष राजकिशन एवं अन्य लायन एवं लियो सदस्य उपस्थित रहे। उक्त सारी जानकारी मीडिया प्रभारी सुधीर कुमार गुप्ता ने दी।

कोटवा थाना में क्रिमिनल परेड कराया गया

कोटवा(आससे)। थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव के विभिन्न कांडों के अभियुक्त जो न्यायालय द्वारा जमानत पर बाहर थे, उनका थाना परिसर में रविवार को क्रिमिनल परेड कराया गया। क्रिमिनल परेड में राजापुर अहिरौलिया निवासी रुदल यादव, बंगरा गांव निवासी राजन पांडे, जागिर करिया निवासी पप्पू यादव, कोन्हवा गांव निवासी शिवनाथ महतो, कोइरगांवा निवासी जयचंद यादव को थाना पर परेड कराया गया ।इस बाबत थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि अब तक पांच अभियुक्त का परेड कराया गया है।

70 लीटर शराब के साथ धंधेबाज धराया

कोटवा (आससे)। पुलिस ने छापामार कर सिहोरावा पुल के नीचे से एक ग्लैमर मोटरसाइकिल पर 70 लीटर देसी चूलाई शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान कोइरगांवा निवासी शंभू मुखिया के पुत्र विकेश कुमार के रूप में की गई है। वहीं राजापुर गांव में छापामार कर पुलिस ने वारंटी नवल राय और देवानंद राय को गिरफ्तार कर लिया।

एनएसएस स्वयं सेविका माही गुप्ता आगरा में करेंगी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व

कर्तव्य पथ के परेड की ओर माही गुप्ता का पहला बड़ा कदम

मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका माही गुप्ता पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर-2026 के लिए चुनी गई हैं। बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा माही, संतोष कुमार गुप्ता की पुत्री हैं। वह लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय की छात्रा है। उनके चयन से कॉलेज और पूरे ज़िले में खुशी का माहौल है। यह शिविर 21 से 30 नवंबर 2026 तक डॉ.भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय,आगरा में आयोजित होगा। इसका आयोजन भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन रासेयो क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ कर रहा है। शिविर में माही बीआरए बिहार विश्वविद्यालय,मुज़फ़्फ़रपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी। रा.से.यो. क्षेत्रीय निदेशालय, पटना ने 14 अक्टूबर 2026 को चयन की सूचना जारी की। चयन राज्य स्तरीय चयन समिति की अनुशंसा पर वरीयता क्रम के अनुसार हुआ है। इस शिविर तक पहुँचने के लिए स्वयंसेवकों को कई स्तरों से गुज़रना पड़ता है। इनमें नियमित एनएसएस गतिविधियों में भागीदारी, विशेष शिविरों का अनुभव, शारीरिक दक्षता और परेड का अभ्यास शामिल हैं। राज्य भर के हज़ारों एनएसएस स्वयंसेवकों में से कुछ चुनिंदा स्वयंसेवक ही इस मुकाम तक पहुँच पाते हैं। पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर एनएसएस का सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शिविर माना जाता है। इसी शिविर से नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के लिए एनएसएस दल चुना जाता है। यानी आगरा का यह शिविर देश की सबसे बड़ी परेड तक पहुंचने का प्रवेश द्वार है। दस दिनों के शिविर में स्वयंसेवकों को प्रतिदिन परेड का कठिन प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रम भी होंगे। अलग-अलग राज्यों से आए स्वयंसेवक एक साथ रहेंगे, एक-दूसरे की भाषा, संस्कृति और परंपराओं को जानेंगे। इस तरह यह शिविर राष्ट्रीय एकता और 卐एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को मज़बूत करता है। शिविर में माही बिहार की लोक संस्कृति की झलक भी प्रस्तुत करेंगी।

भारत सरकार, रेल मंत्रालय
रेलवे भर्ती बोर्ड

सत्यमेव जयते

केन्द्रीकृत रोजगार अधिसूचना (सीईएन) संख्याः 08/2026

(सांकेतिक सूचना)

स्टेशन मास्टर पदों के लिए भर्ती

पात्र अभ्यर्थियों से स्टेशन मास्टर पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते है। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही प्रस्तुत किए जाने चाहिए। **(https://www.rrbapply.gov.in)**

आवेदन आरम्भ होने की तिथि : 27.10.2026 (अनंतिम)

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 25.11.2026 23:59 बजे तक (अनंतिम)

पद के नाम	7वें सीपीसी के अनुसार पे लेवल	चिकित्सा मानक	दिनांक 01.01.2027 को आयु	अनंतिम रिक्तियां (सभी आरआरबी)
स्टेशन मास्टर	पे लेवल-6	विस्तृत सीईएन के अनुसार	विस्तृत सीईएन के अनुसार	1250 (अनुमानित)

नोटः 1. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरते समय आधार का उपयोग करके अपने प्राथमिक विवरण को सत्यापित कर लें, ताकि गैर-आधार सत्यापित आवेदनों के लिए भर्ती प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में होने वाली विस्तृत जांच के कारण होने वाली असुविधा एवं विलंब से बचा जा सके।

2. आधार का उपयोग करके सफल सत्यापन सुनिश्चित करने के लिए, आधार में दर्ज नाम एवं जन्म तिथि को 10 वीं कक्षा के उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र में अंकित पूरा नाम एवं जन्म तिथि से 100% मिलान करने के लिए अपडेट किया जाना चाहिए। इसी प्रकार, ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले आधार में नवीनतम फोटो एवं नवीनतम बायोमेट्रिक्स (फिंगरप्रिंट एवं आइरिस) के साथ अपडेट करना होगा।

3. यह सूचना केवल सांकेतिक प्रकृति की है जिसे संभावित अभ्यर्थियों को आगामी विस्तृत सीईएन (CEN) के बारे में सूचित करने तथा आवेदन हेतु आवश्यक प्रमाण-पत्रों /दस्तावेजों को तैयार रखने के उद्देश्य से जारी किया गया है। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि भर्ती से संबंधित सभी नियमों, शर्तें, पात्रता मानदंड, प्रक्रियाएं एवं अन्य आवश्यकताएं पूर्णतः विस्तृत सीईएन संख्या 08/2026 (साथ ही समय-समय पर जारी किए जाने वाले शुद्धिपत्र सहित) के अनुसार ही मान्य होंगी, जो विशेष रूप से सभी आरआरबी की एकीकृत वेबसाइट **https://rrb.indianrailways.gov.in** पर प्रकाशित की जाएगी। अभ्यर्थी इस एकीकृत वेबसाइट से अलग-अलग आरआरबी के वेबपेज पर जा सकते हैं।

संo- आरआरबी/पैट/08-26/स्टेशन मास्टर/2026/09
दिनांक- 25/10/2026
पीआर/1188/आरआरबी/एमएचएक्स/आरआरबी/नोटिफिकेशन/26-27/156

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती बोर्ड

"जालसाजों, दलालों एवं नौकरी दिलाने का झांसा देने वालों से सावधान रहे"